षोडश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-09 बुधवार, दिनांक- 09 मार्च, 2016 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.25 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 12 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 05 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iv) 175 तारांकित प्रश्न अनागत ।

''इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण राज्य की विधि व्यवस्था के प्रश्न पर सरकार से उत्तर की मांग पर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।''

आसन से माननीय नेता, प्रतिपक्ष से अनुरोध किया गया कि वे अपने माननीय सदस्यों को सीट पर बैठने का अनुरोध करें । किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अप० से 5.05 बजे अप० तक)

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांगों को लेकर शोरगुल करने लगे आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से आग्रह किया गया कि आप सब विधान सभा के सभी नियम एवं प्रक्रियाओं से अवगत हैं । आपको मालूम है कि कौन सी बात कब उठानी है, परन्तु आप समय पर अपनी बात नहीं रखते हैं और शोरगुल करते हैं जिससे सदन नहीं चल पाता है । सदन नहीं चलने से नुकसान माननीय सदस्यों का ही होता है । सरकार के लिए एक तरह से अच्छा होता है कि उन्हें जवाब देना नहीं पड़ता है । आज भी समय पर आपके द्वारा विषय के नहीं उठाने से प्रश्नकाल एवं ध्यानाकर्षण दोनों बाधित हुई ।

अत: आपसे आग्रह है कि सदन सुचारू रूप से चले उसमें आप सभी आसन का सहयोग करें, साथ ही गंभीर से गंभीर विषय को जिसका कि प्रावधान नियमावली में है यदि समय पर उठायेंगे तो बात आगे बढ़ेगी ।

[2] **वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों (शिक्षा विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग, पर्यावरण एवं वन विभाग तथा समाज कल्याण विभाग) पर वाद-विवाद तथा मतदान :-**

माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग, श्री अशोक कुमार चौधरी द्वारा शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

"इस दौरान विपक्ष के सभी सदस्यगण शोरगुल करते हुए सदन से बहिर्गमन कर गए।"

माननीय सदस्य, श्री विजय कुमार सिन्हा का नाम आसन द्वारा कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए पुकारा गया लेकिन वे सदन से अनुपस्थित थे इसलिए कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं हो सका।

अनुदान की माँग पर वाद विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री फराज फातमी — (ii) श्री अभय कुमार सिन्हा

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य डा० अशोक कुमार ने आसन ग्रहण किया)

(iii) श्रीमती एज्या यादव — (iv) श्री राज किशोर सिंह

(v) श्री अजीत शर्मा — (vi) श्री राजेन्द्र कुमार

(vii) श्री वशिष्ठ सिंह — (viii) श्री अफाक आलम

(ix) श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन — (x) श्री मेवा लाल चौधरी

(xi) श्रीमती समता देवी — (xii) श्रीमती स्वीटी सीमा हेम्ब्रम

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xiii) श्री महबूब आलम — (xiv) श्री (डा०) रामानुज प्रसाद

माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग, श्री अशोक कुमार चौधरी द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया।

तत्पश्चात् शिक्षा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन द्वारा स्वीकृत हुआ।

[3] **निवेदन** :-

आसन द्वारा घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल-21 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

[4] **शोक प्रकाश** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने स्व० रामस्वरूप प्रसाद, पूर्व सदस्य लोक सभा एवं बिहार विधान सभा के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना सम्बन्धित शोकाकुल परिवार के पास मेरे एवं सदन की ओर से भेज दिया जाय।

तत्पश्चात् सभा की बैठक वृहस्पतिवार दिनांक 10 मार्च, 2016 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक-09 मार्च, 2016

राजीव कुमार
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।